भारत सरकार
पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय
....

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 975
(03 दिसम्बर, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए)

'राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम' (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को निधि प्रदान किया जाना

975. श्री जुगुल किशोर :

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य को आवंटित धनराशि का ब्यौरा क्या है; और
(ख) उक्त अवधि के दौरान ऊपर उल्लेखित कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेयजल और स्वच्छता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री भरतसिंह सोलंकी)

(क) : विगत तीन वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य को आवंटित और रिलीज की गई निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार हैः

(रू. करोड़ में)

नाम	2009-10		2010-2011		2011-2012	
	आबंटन	रिलीज	आबंटन	रिलीज	आबंटन	रिलीज
उत्तर प्रदेश	959.12	956.36	899.12	848.68	843.30	802.32

(ख) : उक्त अवधि के दौरान एनआरडीडब्ल्यूपी के तहत शुरू की गई और पूरी हुई परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है :

(ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाओं की संख्या)

राज्य का नाम	2009-10			2010-2011			2011-2012		
	चालू	नई	पूरी हुई	चालू	नई	पूरी हुई	चालू	नई	पूरी हुई
उत्तर प्रदेश	3442	104918	106528	1832	94394	93846	2380	98549	99636

****